सत्यमेव जयते

असंशोधित

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

29 जुलाई, 2016

षोडश विधान-सभा 29 जुलाई,2016 ई0

------------ शुक्रवार,तिथि -----------------

तृतीय सत्र 07 श्रावण,1938 (शक)

(कार्यवाही प्रारम्भ होने का समय 11.00 बजे पूर्वा0)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अध्यक्षः अब सभा की कार्यवाही प्रारम्भ की जाती है ।

माननीय सदस्यगण,षोडश बिहार विधान-सभा के तृतीय सत्र के शुभारंभ पर मैं आप सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ ।

वर्त्तमान सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें निर्धारित हैं,जिसमें वित्तीय वर्ष 2016-17 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का व्यवस्थापन के अलावा राजकीय विधेयक एवं गैर सरकारी संकल्प लिये जायेंगे ।

माननीय सदस्यगण, संसदीय प्रणाली में विधान सभा एक प्रतिनिधि सभा होती है एवं यह निर्वाचित सदस्यों के माध्यम से राज्य की जनता का प्रतिनिधित्व करती है । आमलोगों की आशाओं, आकांक्षाओं एवं समस्याओं की सदन में अभिव्यक्ति होती है तथा उनका समाधान ढूंढा जाता है ।

सदन के भीतर और बाहर गरिमापूर्ण आचरण माननीय सदस्यों के प्राथमिक दायित्वों में एक है । यह उल्लेखनीय है कि वाक्-स्वतंत्रता के बिना सार्थक वाद-विवाद नहीं हो सकता, किन्तु व्यवस्था के बिना तो वाद-विवाद ही नहीं हो सकता । इससे इस सभा की विमर्श-निकाय के रूप में प्रासंगिकता ही समाप्त हो जाती है । सदस्यों को अपनी बात सशक्त और प्रभावकारी ढंग से रखनी चाहिए, किन्तु ऐसी बातों से बचना चाहिए जो सदन के नियम, परम्पराओं एवं प्रथाओं के प्रतिकूल हो । उक्त अभीष्ट की प्राप्ति के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को सकारात्मक भूमिका का निर्वहन करना होगा ।

पिछले बजट सत्र के बाद से अबतक माननीय सदस्यों की भूमिका को कारगर बनाने के लिए पिछले दिनों सभा सचिवालय द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं । अभी वित्तीय समितियों की कार्य प्रणाली एवं दायित्वों के संबंध में दिनांक 26 जुलाई,2016 को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विधायी शोध से जुड़ी संस्था पी0आर0एस0 लेजिस्लेटिव रिसर्च, नई दिल्ली तथा लोक सभा में वित्तीय मामलों के विशेषज्ञ ने वित्तीय समितियों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी माननीय सदस्यों को उपलब्ध करायी ।

आप सभी माननीय सदस्यों को सभा सचिवालय की तरफ से एक प्रश्नावली भी भेजी गयी है एवं अपने क्षेत्रों से संबंधित विशिष्ट जानकारियां उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है । इसके माध्यम से सभी विधान-सभा क्षेत्रों का अलग अलग पार्श्वचित्र (Profile) तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है । इस संबंध में कई माननीय सदस्यों से सूचनाएं प्राप्त भी हुई हैं। उन्हें धन्यवाद देते हुए शेष माननीय सदस्यों से आग्रह है कि शीघ्र अपने क्षेत्रों से संबंधित सूचनाएं उपलब्ध कराने की कृपा करें, जिससे क्षेत्रवार प्रोफाईल तैयार किया जा सके ।

मुझे आप सभी को यह भी सूचना देनी है कि बिहार विधान-सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली में आवश्यक एवं वांछित संशोधन करने की कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए सभा सचिवालय द्वारा एक नियम उप समिति का गठन किया गया है । यदि आपकी राय में भी नियमावली में कोई संशोधन अपेक्षित या वांछित हो तो अपना सुझाव लिखकर दे सकते हैं,जिस पर विचार किया जायेगा।

मुझे आशा एवं विश्वास है कि सदन के सफल कार्य संचालन में आप सबों का सहयोग प्राप्त होगा ।

## अध्यासी सदस्यों का मनोनयन

अध्यक्षः बिहार विधान-सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 12(1) के अधीन मैं निम्न सदस्यों को षोडश बिहार विधान-सभा के तृतीय सत्र के लिए अध्यासी सदस्य मनोनीत करता हूँ:-

| | |
|---|---|
| 1-श्री नरेन्द्र नारायण यादव | स0वि0स0 |
| 2-श्री मो0 इलियास हुसैन | स0वि0स0 |
| 3-श्री राम नारायण मंडल | स0वि0स0 |
| 4-डॉ0 अशोक कुमार | स0वि0स0 |
| 5-श्रीमती लेशी सिंह | स0वि0स0 |

## समितियों का गठन

अध्यक्षः बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 219(1) के अधीन मैं षोडश बिहार विधान-सभा के तृतीय सत्र के लिए कार्य मंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार करता हूँ:-

| | | |
|---|---|---|
| 1- अध्यक्ष, | बिहार विधान-सभा | सभापति |
| 2-श्री नीतीश कुमार, | मुख्यमंत्री | सदस्य |
| 3-श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, | उप मुख्यमंत्री | सदस्य |
| 4-श्री श्रवण कुमार, | मंत्री,ससंदीय कार्य | सदस्य |
| 5-श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, | मंत्री,वित्त | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 6-श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, | मंत्री,ऊर्जा | सदस्य |
| 7-श्री प्रेम कुमार, | नेता,विरोधी दल | सदस्य |
| 8-श्री सदानन्द सिंह, | स0वि0स0 | सदस्य |

विशेष आमंत्रित सदस्य

| | |
|---|---|
| 1-श्री अरूण कुमार सिन्हा | स0वि0स0 |
| 2-श्री महबूब आलम | स0वि0स0 |
| 3-श्री ललन पासवान | स0वि0स0 |
| 4-श्री राज कुमार साह | स0वि0स0 |

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे।

## औपचारिक कार्य

सभा सचिवः महोदय,मैं बिहार विधान-सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित विधेयकों का विवरण पटल पर रखता हूँ जिस पर महामहिम राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अधीन अनुमति प्रदान की गयी है:-

महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण

| कमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | बिहार विनियोग विधेयक,2016 | 11.03.16 |
| 2 | बिहार विनियोग(संख्या-2)विधेयक,2016 | 30.03.16 |
| 3 | बिहार उत्पाद(संशोधन)विधेयक,2016 | 31.03.16 |
| 4 | बिहार मूल्यवर्द्धित कर विधेयक,2016 | 01.04.16 |
| 5 | बिहार पंचायत राज(संशोधन)विधेयक,2016 | 01.04.16 |
| 6 | बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग विधेयक,2016 | 05.04.16 |
| 7 | बिहार काराधान विवाद समाधान विधेयक,2016 | 05.04.16 |

टर्न-2/मधुप/29.07.16

वित्तीय कार्य

वित्तीय वर्ष 2016-17 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन ।

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग ।

श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, मंत्री : महोदय, भारत का संविधान के अनुच्छेद-205 के अनुसरण में बिहार विनियोग (संख्या-2) अधिनियम-2016 द्वारा स्वीकृत राशि के अलावे वित्तीय वर्ष 2016-17 में जो खर्च होने की संभावना है उसके संबंध में, मैं प्रथम अनुपूरक व्यय विवरण उपस्थापित करता हूँ ।

**शोक प्रकाश**

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कतिपय जननायकों के निधन की सूचना मिली है, जिनके बारे में शोक प्रकट करना हमारा कर्त्तव्य है :-

स्वर्गीय नारायण सिंह

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री नारायण सिंह का निधन दिनांक 22 अप्रील, 2016 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 84 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह औरंगाबाद जिला के ओबरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1972 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । शिक्षा के प्रचार-प्रसार में इनकी गहरी रूचि थी । वे समाज सेवा में सदैव तत्पर रहते थे । हम इनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय शकीलुर्रहमान

लोक सभा के पूर्व सदस्य तथा केन्द्र सरकार के पूर्व मंत्री डॉ0 शकीलुर्रहमान का निधन दिनांक 09 मई, 2016 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 85 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय रहमान दरभंगा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1989 में लोक सभा के लिए निर्वाचित हुए थे । उन्हें देश में गालिब अवार्ड, उर्दू अकादमी अवार्ड एवं नेशनल अवार्ड तथा पाकिस्तान में अहमद नदीम कासमी अवार्ड से नवाजा गया था । वे ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय,दरभंगा, बिहार विश्वविद्यालय,मुजफ्फरपुर एवं कश्मीर

विश्वविद्यालय के कुलपति रहे थे । उन्होंने भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन मंत्री के पद को भी सुशोभित किया था । वे उर्दू एवं हिन्दी के जाने-माने साहित्यकार तथा लगभग 25 पुस्तक एवं 50 नाटक के रचयिता थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय माधवी सरकार

बिहार विधान सभा की पूर्व सदस्य श्रीमती माधवी सरकार का निधन दिनांक 14 जून, 2016 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 59 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सरकार पूर्णिया जिला के पूर्णिया विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1998 के उप-चुनाव में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुई थीं । सदस्य निर्वाचित होने से पूर्व वे शिक्षक के पद पर कार्यरत थीं । वे दलितों, शोषितों एवं वंचितों के हक की लड़ाई जीवनपर्यन्त लड़ती रहीं । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय चन्द्रमौलेश्वर सिंह ललन

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री चन्द्रमौलेश्वर सिंह ललन का निधन दिनांक 01 जुलाई, 2016 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 77 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय चन्द्रमौलेश्वर सिंह ललन बांका जिला के बेलहर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1980 एवं 1990 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे एक कर्त्तव्यनिष्ठ, आदर्शवादी एवं ईमानदार छवि के जनप्रतिनिधि के रूप में चर्चित थे । वे शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिये थे एवं उनकी समाज सेवा में सदैव अभिरूचि रहती थी । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय बिलट पासवान

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री बिलट पासवान का निधन दिनांक 02 जुलाई, 2016 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 71 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय पासवान मुजफ्फरपुर जिला के सकरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से मार्च, 2005 एवं नवम्बर, 2005 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे 1993 में रेलवे सेवा भर्त्ती बोर्ड, मुजफ्फरपुर एवं वर्ष 2001 में दूरसंचार विभाग से

संबंधित समिति के भी सदस्य रहे थे । उनका जीवन सादगीपूर्ण  था । वे हमेशा कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहा करते थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय महेन्द्र नारायण झा

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री महेन्द्र नारायण झा का निधन दिनांक 03 जुलाई, 2016 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 82 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय झा मधुबनी जिला के खजौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1972 तथा बाबूबरही निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1980 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । उनका शिक्षा एवं कृषि से काफी लगाव था । उन्होंने कई सार्वजनिक पुस्तकालयों की स्थापना की थी । वे समाज के दबे-कुचले व्यक्तियों के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहा करते थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय मेदिनी पासवान

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री मेदिनी पासवान का निधन दिनांक 15 जुलाई, 2016 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 97 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय पासवान बेगूसराय जिला के बेगूसराय उत्तरी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1957 तथा बखरी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1962 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे 1942 के स्वतंत्रता आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लिए थे । वे बेगूसराय सिविल कोर्ट में ए.पी.पी. तथा बेगूसराय नगरपालिका के अध्यक्ष भी रहे थे । उन्होंने अपने जीवनकाल में कई पुस्तकों की रचना की थी । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय राम नारायण राम

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री राम नारायण राम का निधन दिनांक 24 जुलाई, 2016 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 82 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय राम बक्सर जिला के राजपुर(सुरक्षित) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1985 एवं 1990 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे कर्मठ, मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । वे सदैव गरीबों, शोषितों एवं पिछड़ों के उत्थान के लिए संघर्षरत रहा करते थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

अध्यक्ष : अब हमलोग एक मिनट तक मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना करें ।

( एक मिनट का मौन )

अध्यक्ष : मैं अपनी तथा सम्पूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार के पास संदेश भेजवा दूँगा ।

अब सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 01 अगस्त, 2016 को 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की जाती है ।

...........